StudentBounty.com



# नमूने के प्रश्न-पत्र की योजना

कक्षा – XII
विषय – व्यवसाय अध्ययन
अवधि – 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक – 80

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 25 | 31.25 |
| 2. | अवबोध अर्थग्रहण | 33 | 41.25 |
| 3. | ज्ञानोपयोग/अभिव्यक्ति | 14 | 17.50 |
| 4. | कौशल/मौलिकता | 08 | 10.00 |
| | योग | 80 | 100.00 |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंक भार –

| क्र. सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत प्रश्नों का | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पात्मक | – | – | – | – | – |
| 2. | अतिलघूत्तरात्मक | 10 | 1 | 10 | 12.50 | 20 मि. |
| 3. | लघूत्तरात्मक - I | 08 | 2 | 16 | 20.00 | 40 मि. |
| 4. | लघूत्तरात्मक - II | 09 | 4 | 36 | 45.00 | 90 मि. |
| 5. | निबंधात्मक | 03* | 6 | 18 | 22.50 | 30 मि. |
| | योग | 30 | | 80 | 100.00 | 180 मि. |

विकल्प योजना: आन्तरिक (*) चिह्न वाले प्रश्नों में रखी गई है। पुनरावलोकन :- 15 मिनट

3. विषयवस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | विषयवस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व | 06 | 7.50 |
| 2 | प्रबन्ध के सिद्धांत | 06 | 7.50 |
| 3 | प्रबन्धन एवं व्यावसायिक पर्यावरण | 04 | 5.00 |
| 4 | नियोजन | 06 | 7.50 |
| 5 | संगठन | 08 | 10.00 |
| 6 | नियुक्तिकरण | 07 | 8.75 |
| 7 | निर्देशन | 08 | 10.00 |
| 8 | नियंत्रण | 05 | 6.25 |
| 9 | वित्तीय प्रबन्धन | 08 | 10.00 |
| 10 | वित्तीय बाजार | 05 | 6.25 |
| 11 | विपणन प्रबन्धन | 08 | 10.00 |
| 12 | उपभोक्ता संरक्षण | 04 | 5.00 |
| 13 | उद्यमिता विकास | 05 | 6.25 |
| | योग | 80 | 100 |

StudentBounty.com

# नमूने का प्रश्न-पत्र

# विषय-व्यवसाय अध्ययन

**कक्षा-XII**

**समय** : 3.15 घण्टे ] [ **पूर्णांक** : 80 अंक

**सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. प्रश्न क्रमांक 1 से 10 तक अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक हैं।
5. प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न-I हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक हैं।
6. प्रश्न क्रमांक 19 से 27 तक भी अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न-II हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक हैं।
7. प्रश्न क्रमांक 28 से 30 तक निबन्धात्मक (दीर्घ उत्तरात्मक) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक हैं।
8. प्रश्न क्रमांक 28, 29 व 30 में आन्तरिक विकल्प भी हैं।

## खण्ड 'अ'

प्रश्न 1. मध्यस्तरीय प्रबन्ध का एक कार्य लिखिये। 1

प्रश्न 2. बूर्सेस शब्द का क्या आशय है? 1

प्रश्न 3. ''समन्वय निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है।'' कैसे? 1

प्रश्न 4. उद्यमी' शब्द के जन्मदाता कौन थे? 1

प्रश्न 5. प्रबन्ध प्रकार्य नियोजन की एक सीमा लिखिये। 1

प्रश्न 6. नियन्त्रण की आधुनिक तकनीक 'निवेश पर प्रत्याय' की गणना का सूत्र लिखिये। 1

प्रश्न 7. ''नियोजन निर्णय लेने को सरल बनाता है।'' समझाइये। 1

प्रश्न 8. 'चयन' की एक परिभाषा लिखिये। 1

प्रश्न 9. प्रबन्ध सिद्वान्तों के प्रतिपादन में 'व्यक्तित्व' के आधार पर हेनरी फेयोल और एफ. डब्ल्यू टेलर में क्या अन्तर है? 1

प्रश्न 10. एफ. डब्ल्यू टेलर के शब्दों में 'वैज्ञानिक प्रबन्ध' की परिभाषा दीजिए। 1

## खण्ड 'ब'

प्रश्न 11. व्यावसायिक पर्यावरण के महत्व के दो बिन्दु लिखिये। 1+1=2

प्रश्न 12. मैस्लो के अनुसार एक उद्यमी को जो आवश्यकताएँ अभिप्रेरणा देती हैं, उनका उल्लेख कीजिए। 2

प्रश्न 13. आपके दृष्टिकोण से भारत में आर्थिक पर्यावरण के ऐसे दो तत्व जिनका व्यवसाय एवं उद्योग पर प्रभाव पड़ता है, उन्हें बताइये। 1+1=2

StudentBounty.com



प्रश्न 14. आप एक पैन उत्पादनकर्ता हैं, इसके उत्पाद लेबल पर लिखी जाने वाली विविध जानकारियों के नाम बताइये। 2

प्रश्न 15. प्रभागीय संगठन ढाँचे के दो गुण समझाइये। 1+1=2

प्रश्न 16. नये व्यवसाय को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया के विभिन्न चरण कौन-कौन से हैं? 1+1=2

प्रश्न 17. नियुक्तिकरण द्वारा संगठन को दिये जाने वाले दो लाभ बताइये। 1+1=2

प्रश्न 18. सम्प्रेषण प्रक्रिया का आरेख (चित्र) बनाइये। 2

## खण्ड 'स'

प्रश्न 19. प्रबन्ध के महत्व के चार बिन्दुओं को लिखिये। 1+1+1+1=4

प्रश्न 20. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में उपभोक्ता को प्राप्त चार अधिकार लिखिये। 1+1+1+1=4

प्रश्न 21. हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध के निम्न सिद्धान्तों को समझाइये।

(i) सोपान श्रृंखला का सिद्धान्त

(ii) आदेश की एकता का सिद्धान्त 2+2=4

प्रश्न 22. वित्तीय बाजारों के वर्गीकरण को चित्र के माध्यम से स्पष्ट कीजिए। 4

प्रश्न 23. नियोजन की चार विशेषतायें समझाइये। 4

प्रश्न 24. पूँजी बजटिंग निर्णय को प्रभावित करने वाले दो कारणों को समझाइये। 2+2=4

प्रश्न 25.आप एक संगठन में भर्ती कार्य करने जा रहे हैं, भर्ती के आन्तरिक स्रोतों का उपयोग करने से आपको क्या-क्या लाभ होंगे? लिखिये (कोई चार) 4

प्रश्न 26. स्थायी पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले कोई चार घटक लिखिये। 1+1+1+1=4

प्रश्न 27. प्रबन्धकीय नियंत्रण प्रक्रिया को समझाइये। 4

## खण्ड 'द'

प्रश्न 28. तनुश्री लि. रेडीमेड कपड़ों का निर्माण करती है और इसके उत्पादन, विपणन, वित्त तथा सेविवर्गीय विभाग हैं। इस प्रकार के संगठन ढाँचे का नाम बताइये, जिसे तनुश्री लि. अपना रही है। इस संगठन ढाँचे के गुण-दोष बताइये।

2+4=6

अथवा

क्या आप समझते हैं कि संगठन स्वरूपों के औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन के मध्य कोई अन्तर है। यदि हाँ, तो अन्तर लिखिये।

प्रश्न 29. संगठन में वित्तीय प्रोत्साहनों के आधार लिखिये। 1X6=6

अथवा

प्रभावी सम्प्रेषण की सांगठनिक बाधाएँ लिखिये।

प्रश्न 30. विज्ञापन से क्या आशय है? इसके विविध लाभों को लिखिये। 2+4=6

अथवा

विपणन से क्या आशय है ? इसकी प्रमुख विशेषतायें समझाइये।

# प्रश्न–पत्र ब्ल्यूप्रिन्ट

कक्षा – XII वाणिज्य वर्ग | विषय :- व्यवसाय अध्ययन | पूर्णांक- 80

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई/ उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोग/अभिव्यक्ति | | | | कौशल/मौलिकता | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति लघु | लघु SA1 | लघु SA2 | निबं. | अति लघु | लघु SA1 | लघु SA2 | निबं. | अति लघु | लघु SA1 | लघु SA2 | निबं | अति लघु | लघु SA1 | लघु SA2 | निबं. | |
| 1. | प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व | 1(1) | | 4(1) | | 1(1) | | | | | | | | | | | | 6(3) |
| 2. | प्रबन्ध के सिद्धान्त | | | | | 2(2) | | 4(1) | | | | | | | | | | 6(3) |
| 3. | प्रबंधन एवं व्यावसायिक पर्यावरण | | 2(1) | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | 4(2) |
| 4. | नियोजन | 1(1) | | | | 1(1) | | 4(1) | | | | | | | | | | 6(3) |
| 5. | संगठन | | | | | | 2(1) | | | | | | 6(1)* | | | | | 8(2) |
| 6. | नियुक्तिकरण | 1(1) | | | | | 2(1) | | | | | 4(1) | | | | | | 7(3) |
| 7. | निर्देशन | | | | 6(1)* | | | | | | | | | | 2(1) | | | 8(2) |
| 8. | नियन्त्रण | 1(1) | | | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 5(2) |
| 9. | वित्तीय प्रबंधन | | | 4(1) | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 8(2) |
| 10. | वित्तीय बाजार | | | | | 1(1) | | | | | | | | | | 4(1) | | 5(2) |
| 11. | विपणन प्रबंधन | | | | | | | | 6(1)* | | | | | | 2(1) | | | 8(2) |
| 12. | उपभोक्ता संरक्षण | | | 4(1) | | | | | | | | | | | | | | 4(1) |
| 13. | उद्यमिता विकास | 1(1) | | | | | 2(1) | | | | 2(1) | | | | | | | 5(3) |
| | योग | 5(5) | 2(1) | 12(3) | 6(1) | 5(5) | 6(3) | 16(4) | 6(1) | | 4(2) | 4(1) | 6(1) | | 4(2) | 4(1) | | 80(30) |
| | कुल योग | 25(10) | | | | 33(13) | | | | 14(4) | | | | 8(3) | | | | 80(30) |

विकल्पों की योजना:- * चिह्न वाले प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रश्न है। नोट:- कोष्ठक में बाहर की संख्या अंकों की तथा भीतर प्रश्नों की द्योतक है।

StudentBounty.com

StudentBounty.com



# नवीनतम पाठ्यक्रम

## व्यवसाय अध्ययन कक्षा-12

इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है-

| प्रश्न पत्र | समय (घण्टे) | प्रश्न पत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|
| एक पत्र | 3.15 | 80 | 20 | 100 |

**समय 3.15 घण्टे** **पूर्णांक-80**

**इकाई का नाम अंक**

**भाग-अ : प्रबन्ध के सिद्धान्त और कार्य** **50**

1. प्रबन्ध की प्रवमति एवं महत्व 6
2. प्रबन्ध के सिद्धान्त 6
3. प्रबंधन एवं व्यावसायिक पर्यावरण 4
4. नियोजन 6
5. संगठन 8
6. नियुक्तिकरण 7
7. निर्देशन 8
8. नियंत्रण 5

**भाग-ब : व्यापार, वित्त और बाजार** **30**

9. वित्तीय प्रबन्धन 8
10. वित्तीय बाजार 5
11. विपणन प्रबन्धन 8
12. उपभोक्ता संरक्षण 4
13. उद्यमिता विकास 5

**निर्धारित पुस्तकें-**

1. व्यवसाय अध्ययन I - एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित
2. व्यवसाय अध्ययन II - एन.सी.ई. आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित